# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

## सहायक प्राध्यापक परीक्षा–2022

## –::परीक्षा योजना::–

(अ) अंक–योजना :–

| प्रश्न पत्र | परीक्षा | प्रश्नों की संख्या | पूर्णांक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम प्रश्न पत्र | मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान | 50 | 200 | 01 घंटा |
| द्वितीय प्रश्न पत्र | विषय– संबंधित विषय | 150 | 600 | 03 घंटे |
| | योग | 200 | 800 | |
| | साक्षात्कार | | 100 | |
| | कुल अंक | | 900 | |

(ब) प्रश्न पत्र योजना :–

1. परीक्षा का आयोजन दो सत्रों में होगा ।
2. प्रथम प्रश्न पत्र की विषयवस्तु – मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान से संबंधित 50 प्रश्न होंगे । द्वितीय प्रश्न पत्र में विषय से संबंधित प्रश्नपत्र में 150 प्रश्न होंगे। इस प्रकार दोनों प्रश्न पत्र में कुल–200 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 04 अंकों का होगा। इस प्रकार दोनों प्रश्न–पत्रों का पूर्णांक 800 अंकों का होगा।
3. दोनों प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ (बहुविकल्पीय) प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु चार विकल्प (A,B,C,D) होंगे। अभ्यर्थी को उक्त विकल्पों में से केवल एक सही विकल्प का ही चयन करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक विकल्पों का चयन करने पर उत्तर निरस्त कर दिया जाएगा।
4. प्रथम प्रश्न पत्र की अवधि 01 घंटे की होगी । इस प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। प्रत्येक प्रश्न 04 अंकों का होगा। द्वितीय प्रश्न पत्र की अवधि 03 घंटे की होगी । द्वितीय प्रश्न पत्र में संबंधित विषय के 150 प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न 04 अंकों का होगा इस प्रकार लिखित परीक्षा की मेरिट दोनों प्रश्न पत्रों के प्राप्तांको को जोड़कर बनेगी।
5. दोनों ही प्रश्न पत्रों में पृथक–पृथक 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश के अधिसूचित अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) एवं दिव्यांगजन (PH) श्रेणी के आवेदकों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु 10–10 प्रतिशत अंकों की छूट दी जाएगी इस प्रकार उक्त श्रेणी के आवेदकों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु प्रत्येक प्रश्न–पत्र में पृथक–पृथक न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
6. भाषा संबंधी प्रश्न–पत्रों को छोड़कर समस्त प्रश्न–पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में होंगे।

7. परीक्षा परिणाम के साथ ही अभिलेख–प्रेषण हेतु अंतिम तिथि निर्धारित कर परीक्षा में प्रावधिक सफल अभ्यर्थियों से उनकी अर्हता से संबंधित सभी अभिलेख प्राप्त किए जाएँगे तथा केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा जो अभिलेखों की सूक्ष्म जाँच उपरान्त अर्ह पाए जाएँगे। अंतिम निर्धारित तिथि पश्चात आयोग द्वारा अभिलेख स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे।

8. साक्षात्कार :–

साक्षात्कार 100 अंकों का होगा। साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक निर्धारित नहीं हैं।

**(स) चयन–प्रक्रिया :–**

1) चयन–प्रक्रिया के प्रथम चरण में संबंधित प्रश्न पत्र की ऑफलाइन पद्धति (OMR Sheet आधारित) परीक्षा/ऑफलाइन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

2) परीक्षा उपरान्त परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की प्रावधिक उत्तर कुंजी तैयार कर आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित कर 07 दिवस की अवधि में आपत्तियाँ प्राप्त की जाएगी। इस अवधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन पर कोई विचार एवं पत्राचार नहीं किया जाएगा । आपत्ति हेतु दिया गया शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों पर आयोग द्वारा गठित विषय–विशेषज्ञ समिति द्वारा आपत्तियों पर विचार कर निम्नांकित कार्यवाही की जाएगी :–

1. ऐसे प्रश्न जिनका प्रावधिक कुंजी में दिए गए विकल्पों में से गलत उत्तर दिया गया है और विकल्पों में अन्य विकल्प सही है, तब प्रावधिक उत्तर कुंजी को संशोधित किया जाएगा ।
2. प्रश्न पत्र में अनुवाद की भाषा में भिन्नता की स्थिति में केवल हिन्दी अनुवाद ही मान्य होगा। **(केवल द्वि–भाषी प्रश्न–पत्रों पर लागू)**
3. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में एक से अधिक सही उत्तर है, सभी सही उत्तरों को मान्य किया जाएगा ।
4. ऐसे प्रश्न जिसका दिए गए विकल्पों में एक भी सही उत्तर न हो, प्रश्न को प्रश्न–पत्र से विलोपित किया जाएगा ।
5. विषय–विशेषज्ञ समिति द्वारा समस्त अभ्यावेदनों पर विचार करने के पश्चात् अंतिम उत्तर कुंजी बनाई जाएगी तथा आयोग द्वारा वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। अंतिम उत्तर कुंजी के प्रकाशन के पश्चात् अभ्यर्थियों के कोई भी आपत्ति/पत्र व्यवहार मान्य नहीं किया जाएगा । विषय–विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम होगा ।

6. उपरोक्तानुसार समिति द्वारा विलोपित किए गए प्रश्नों को छोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर अंतिम उत्तर कुंजी के अनुसार अभ्यर्थियों का मूल्यांकन कर परीक्षा–परिणाम घोषित किया जाएगा।

3) परीक्षा में प्राप्तांक के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न प्रवर्गों हेतु विज्ञापित रिक्तियों के अधिकतम 3 गुना तथा समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु प्रावधिक सफल घोषित किया जाएगा।

4) साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिये अनर्ह माना जाएगा। साक्षात्कार के लिए आवेदकों को बुलाने के संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम होगा। यह निर्णय आयोग की वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी समय–समय पर आयोग की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

5) विज्ञापन की कंडिका–सात–चयन प्रक्रिया (1) के अनुसार–यदि अभ्यर्थी मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक का कार्य अतिथि विद्वान के रूप में किया है तो उनके द्वारा अतिथि विद्वान के रूप में किए गए कार्य के आधार पर विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार प्राप्त वरीयता अंक के योग के गुणानुक्रम के आधार पर होगा।

6) आयोग की परीक्षा प्रणाली में पुनर्मूल्यांकन/पुनर्गणना का कोई प्रावधान नहीं है। इस विषय में प्राप्त अभ्यावेदनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक

# सहायक प्राध्यापक परीक्षा–2022

## पाठ्यक्रम–प्रथम प्रश्न–पत्र

## मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान तथा कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान

1. <u>मध्यप्रदेश का इतिहास, संस्कृति एवं साहित्य</u>

- मध्यप्रदेश के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएँ, प्रमुख राजवंश।
- स्वतंत्रता आन्दोलन में मध्यप्रदेश का योगदान।
- मध्यप्रदेश की कला एवं संस्कृति।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियाँ एवं बोलियाँ।
- प्रदेश के प्रमुख त्यौहार, लोक संगीत एवं लोक कलाएँ।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख साहित्यकार एवं उनकी रचनाएँ।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख व्यक्तित्व।

2. <u>मध्यप्रदेश का भूगोल</u>

- मध्यप्रदेश के वन, पर्वत तथा नदियाँ।
- मध्यप्रदेश की जलवायु।
- मध्यप्रदेश के प्राकृतिक एवं खनिज संसाधन।
- ऊर्जा संसाधन : परंपरागत एवं गैर परंपरागत।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख सिंचाई एवं विद्युत परियोजनाएँ।

3. <u>मध्यप्रदेश की राजनीति एवं अर्थशास्त्र</u>

- मध्यप्रदेश की राजनीतिक व्यवस्था (राज्यपाल, मंत्रिमंडल, विधानसभा)
- मध्यप्रदेश में पंचायतीराज व्यवस्था।
- मध्यप्रदेश की सामाजिक व्यवस्था।
- मध्यप्रदेश की जनांकिकी एवं जनगणना।
- मध्यप्रदेश का आर्थिक विकास।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख उद्योग।
- मध्यप्रदेश में कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग।

4. <u>अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाएँ</u>

- महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाएँ।
- देश एवं प्रदेश की प्रमुख खेल प्रतियोगिताएँ एवं पुरस्कार तथा खेल संस्थाएँ।
- मध्यप्रदेश राज्य की प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाएँ।
- मध्यप्रदेश के चर्चित व्यक्तित्व एवं स्थान।

5. <u>सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी।</u>

- इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर्स, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी।
- रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स एवं सायबर सिक्यूरिटी।
- ई–गवर्नेन्स ।
- इंटरनेट तथा सोशल नेटवर्किंग साईट्स।
- ई–कॉमर्स।

---xxx---

# ASSISTANT PROFESSOR EXAM-2022

## SYLLABUS- PAPER-I

## General knowledge of Madhya Pradesh, National and International level and basic knowledge of computer

### 1. History culture and literature of M.P.

- Important Historical events and Major dynasties of M.P.
- Contribution of Madhya Pradesh in the Independence movements.
- Art, Architecture and culture of M.P.
- Main Tribes and Dialects of M.P.
- Main festivals, folk music and folk art of M.P.
- Important literary figures of M.P. and their literature.
- Main Tourist places of M.P.
- Important personalities of M.P.

### 2. Geography of the Madhya Pradesh

- Forest, Mountain and Rivers of M.P.
- Climate of M.P.
- Natural and mineral resources of M.P.
- Energy Resources: Conventional and Non- conventional.
- Main irrigation and Power projects of M.P.

### 3. Politics and Economy of M.P.

- Political system of M.P. (Governor, Cabinet, Legislative Assembly).
- Panchayati Raj in M.P.
- Social system of M.P.
- Demography and census of M.P.
- Economic development of M.P.
- Main industries of M.P.
- Agriculture and Agri based industries in M.P.

4. **Current events of International, National and M.P.**

- Important Contemporaneous events.
- Famous sports competitions; awards and sports institution of the State and country.
- Welfare schemes of M.P. state.
- Famous personalities and Places.

5. **Information and Communication Technology**

- Electronics, computers, information and communication technology.
- Robotics, artificial intelligence and cyber security.
- E- Governance.
- Internet and Social networking site.
- E- Commerce.

---xxx----

# सहायक प्राध्यापक परीक्षा–2022
## पाठ्यक्रम (SYLLABUS)
## भूगोल (Geography)

**UNIT-I : Geographic Thought:**

- Development of Geographical thought in ancient period.
- Contribution of German and French schools in the development of modern geography.
- Contribution of British and American schools in geography.
- Dualism in Geography: Physical and Human, Systematic and Regional geography.
- Determinism and Possibilism; Paradigm shift; Perspectives in geography (positivism, behaviouralism, idealism, humanism and postmordenism)

**इकाई–1: भौगोलिक विचारधारा का इतिहासः**

- प्राचीनकाल में भौगोलिक विचारों का विकास।
- आधुनिक भूगोल के विकास में जर्मनी तथा फ्रांसीसी सम्प्रदाय का योगदान।
- भूगोल में ब्रिटिश तथा अमेरिकन सम्प्रदाय का योगदान।
- भूगोल में द्वैतवादः भौतिक तथा मानव भूगोल; क्रमबद्ध तथा प्रादेशिक भूगोल।
- निश्चयवाद तथा सम्भववाद; प्रतिमान बदलाव; भूगोल में परिपेक्ष्य (प्रत्यक्षवाद, व्यवहारवाद, आदर्शवाद, मानवतावाद, उत्तराधुनिकतावाद)।

**UNIT-II : Geomorphology:**

- Fundamental concepts; Endogenetic and Exogenetic forces.
- Denudation process; weathering and erosion.
- Geosynclines; Wegner's continental drift theory and plate tectonics.
- Concept of Geomoraphic cycle of W. M. Davis. and W. Penck;
- Landforms associated with fluvial, glacial, arid, coastal and karst cycles.

**इकाई–2: भू–आकृति विज्ञान :**

- मौलिक संकल्पनाएँ; अंतर्जात तथा बहिर्जात शक्तियाँ।
- अनाच्छादन प्रक्रम, अपक्षय तथा अपरदन।
- भू–सन्नतियाँ; वेगनर का महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धान्त तथा प्लेट विवर्तनिकी।
- भू–आकृतिक चक्र की संकल्पना– डब्ल्यू. एम. डेविस तथा डब्ल्यू. पेंक।
- नदीय, हिमनदीय, शुष्क, तटीय एवं कार्स्ट चक्रों से संबद्ध भू–आकृतियाँ।

**UNIT-III : Climatology:**

- Composition and structure of the atmosphere; Insolation; Heat budget of the earth; Distribution of temperature.
- Atmospheric pressure and general circulation of winds; Planetary and Local winds; ENSO Events (El Nino, La Nina and Southern Oscillations).
- Air mass, Fronts, Tropical and Temperate cyclones.
- Classification of world climates: Koppen and Thornthwaite schemes, Types and distribution of precipitation.
- Ozone depletion; Global Warming; Environmental hazards (Thunderstorms, Hailstrom, Heat cold waves, Flood and drought).

**इकाई–3 : जलवायु विज्ञान :**

- वायुमंडल का संघटन तथा संरचना; सूर्याभितप; पृथ्वी का ऊष्मा बजट; तापमान का वितरण।
- वायुमंडलीय दाब तथा वायु का सामान्य परिसंचरण; ग्रहीय तथा स्थानीय पवन; इ.एन.एस.ओ. घटनाएँ (एल–नीनो, ला–नीना तथा दक्षिणी दोलन)।
- वायुराशियाँ; वाताग्र; उष्णकटिबंधीय तथा शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवात।
- विश्व जलवायु का वर्गीकरण: कोपेन तथा थार्न्थ्वेट की योजनाएँ; वर्षण के प्रकार तथा वितरण।
- ओजोन का क्रमिक ह्रास; वैश्विक उष्मन; पर्यावरणीय जोखिम (तड़ितझंझा, ओला वृष्टि, उष्ण एवं शीत लहरें, बाढ़ एवं सूखा) ।

**UNIT-IV : Oceanography:**

- Oceanic bottom relief - Indian, Atlantic and Pacific ocean.
- Ocean deposits; Ocean Resources.
- Coral reefs: origin and types.
- Temperature and Salinity of oceans; Density of sea water.
- Tides and Oceanic currents.

**इकाई–4: समुद्र विज्ञान :**

- महासागरीय नितल के उच्चावच्च– हिन्द, अटलांटिक तथा प्रशांत महासागर।
- महासागरीय निक्षेप; महासागरीय संसाधन।
- प्रवाल भित्तियाँ : उत्पत्ति तथा प्रकार।
- महासागरों का तापमान; लवणता; महासागरीय जल का घनत्व।
- ज्वार–भाटा तथा महासागरीय धाराएँ।

## UNIT-V : Population Geography; Settlement Geography :

- **Population Geography**- Patterns of world distribution of population; Growth of population; Fertility and Mortality analysis.
- Demographic transition; Patterns and process of migration; Population policy.
- Population-resource regions; Cultural realms.
- **Settlement Geography**- City-region; Primate city; Rank-size rule; ecological process of urban growth; Urban fringe.
- Settlement hierarchy; Central place theory : Christaller and Losch.

## इकाई–5: जनसंख्या भूगोल; अधिवास भूगोल :

- **जनसंख्या भूगोलः** विश्व में जनसंख्या का वितरण प्रतिरूप; जनसंख्या वृद्धि; प्रजननशीलता तथा मृत्युदर विश्लेषण।
- जनांकिकीय संक्रमण; प्रवास के प्रतिरूप तथा प्रक्रिया; जनसंख्या नीति।
- जनसंख्या–संसाधन प्रदेश, सांस्कृतिक प्रदेश।
- **अधिवास भूगोलः** नगर–प्रदेश; प्राथमिक नगर (प्राइमेट सिटी); कोटि –आकार नियम; नगरीय वृद्धि की पारिस्थितिक प्रक्रियाएँ; नगरीय उपांत।
- अधिवास पदानुक्रम; केन्द्रीय–स्थान सिद्धान्त : क्रिस्टालर तथा लॉश ।

## UNIT-VI : Political Geography, Regional Planning and Development:

- **Political Geography**: Heartland and Rimland theories.
- Geographic elements of State: Physical, human and economic; Frontiers and boundaries.
- Geo-political significance of Indian ocean; Inter-State issues and major water disputes in India.
- **Regional planning and development**: Concept of planning regions; Methods of regional delineation; Types of regions.
- Indicators of development; Sustainable development; Regional planning in India.

## इकाई–6: राजनीतिक भूगोल, प्रादेशिक नियोजन तथा विकासः

- **राजनीतिक भूगोलः** केन्द्र स्थल तथा उपांत–स्थल (परिधीय स्थल) सिद्धान्त।
- राज्य के भौगोलिक तत्वः भौतिक, मानवीय तथा आर्थिक; सीमान्त तथा सीमाएँ।
- हिन्द महासागर का भू–राजनीतिक महत्व; भारत में अन्तर–प्रान्तीय मुद्दे तथा प्रमुख जल विवाद।
- **प्रादेशिक नियोजन एवं विकासः** नियोजन प्रदेशों की संकल्पना; प्रादेशिक परिसीमन की विधियाँ; प्रदेशों के प्रकार।
- विकास के संकेतक; सम्पोषित (सतत्) विकास; भारत में प्रादेशिक नियोजन।

**UNIT-VII : Economic Geography:**

- Sectors of Economy: primary, secondary, tertiary and quaternary. Measurement of agricultural productivity and efficiency. Crop combination and diversification; Von Thunen's model; Agricultural systems of the world.
- Natural Resources : renewal and non- renewal; Conservation of resources.
- Industrial Localisation; Weber's and Losch's approaches.
- Resource-based and Footloose industries.
- Modes of Transportation and transport cost; Accessibility and connectivity.

**इकाई–7: आर्थिक भूगोलः**

- अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक (प्रखण्ड): प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक तथा चतुर्थक; कृषि उत्पादकता तथा दक्षता का माप; शस्य संयोजन तथा विभेदन; वॉन–थ्यूनेन मॉडल; विश्व की प्रमुख कृषि प्रणालियाँ।
- प्राकृतिक संसाधन : नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय; संसाधनों का संरक्षण।
- उद्योगों का स्थानीयकरण; वेबर तथा लॉश के उपागम।
- संसाधन–आधारित तथा स्वच्छंद (फुटलूज) उद्योग।
- परिवहन के प्रकार तथा परिवहन लागत; अभिगम्यता तथा सम्बद्धता।

**UNIT-VIII : Geography of India:**

- Physiographic divisions.
- Climate- Its regional variations; Monsoon and Jet streams.
- Vegetation types and vegetation regions; Agricultural resources: major crops.
- Mineral and Power resources.
- Major industries and Industrial regions.

**इकाई–8: भारत का भूगोलः**

- भू–आकृतिक विभाग।
- जलवायु–इसकी प्रादेशिक विभिन्नताएँ; मानसून तथा जेट धाराएँ ।
- वनस्पति के प्रकार तथा वानस्पतिक प्रदेश; कृषि संसाधन– प्रमुख फसलें।
- खनिज तथा शक्ति संसाधन।
- प्रमुख उद्योग तथा औद्योगिक प्रदेश।

**UNIT-IX : Cartography:**

- Map as a tool in geographical studies. Types of maps; Scaling techniques; Rank score; Weighted score; Flow maps; Nearest neighbour analysis; Sampling techniques for geographical analysis.
- Statistical diagrams; Projections and their types.
- Remote sensing and Geographical Information System (GIS); Digital maping; Computer application in mapping.
- Statistical methods: Measures of central tendency; Measures of dispersion: standard deviation.
- Simple and Multiple Correlation; Regression.

इकाई–9: मानचित्रकला :

- भौगोलिक अध्ययनों में उपकरण के रूप में मानचित्र; मानचित्रों के प्रकार; मापक्रम तकनीकें; पदक्रम (रैंक स्कोर); महत्व–प्रदान अंक (भारित अंक); प्रवाह मानचित्र; निकटतम पड़ोसी विश्लेषण; भौगोलिक विश्लेषण के लिए प्रतिचयन तकनीकें।
- सांख्यिकीय आरेख; प्रक्षेप एवं उनके प्रकार।
- दूरसंवेदन तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली; अंकीय मानचित्रण; मानचित्रण में कंप्यूटर अनुप्रयोग।
- सांख्यिकीय विधियाँ : केन्द्रीय प्रवृति की माप; विचलन की माप: मानक विचलन।
- साधारण तथा बहु सह–संबंध; समाश्रयण।

**UNIT-X : Geography of Madhya Pradesh:**

- Physiographic divisions; Soil and its types; Major rivers.
- Pattern of rainfall; Agricultural resources- irrigation and major crops.
- Mineral and Energy resources.
- Major industries- Cement, Paper, Chemical, and Aluminum.
- Population; Geographical regions of Madhya Pradesh- Narmada valley, Malwa plateau, Bundelkhand plateau, Baghelkhand plateau, Madhya Bharat plateau .

इकाई–10 : मध्यप्रदेश का भूगोल:

- भू–आकृतिक विभाग; मृदा तथा उसके प्रकार; प्रमुख नदियाँ ।
- वर्षा प्रतिरूप; कृषि संसाधन– सिंचाई तथा प्रमुख फसलें।
- खनिज तथा ऊर्जा संसाधन।
- प्रमुख उद्योग– सीमेंट, कागज, रसायन तथा एल्युमीनियम।
- जनसंख्या, मध्यप्रदेश के भौगोलिक प्रदेश – नर्मदा घाटी, मालवा पठार, बुन्देलखंड पठार, बघेलखंड पठार, मध्यभारत पठार।

----XXX----